# वाणिज्य व लेखाविधि / COMMERCE AND ACCOUNTANCY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घंटे* | *अधिकतम अंक : 250* |
| *Time Allowed : **Three** Hours* | *Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको स्पष्टतया निर्दिष्ट कीजिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक को लगभग 150 शब्दों में स्पष्ट कीजिए :**
**Explain the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) लक्ष्य अनुक्रमण
Goal Succession *10*

(b) प्रबन्धन विस्तृति
Span of Management *10*

(c) प्रबन्धकीय ग्रिड
Managerial Grid *10*

(d) गुणता चक्र
Quality Circles *10*

(e) प्रात्यक्षिक वरणात्मकता
Perceptual Selectivity *10*

**Q2.** (a) विकेन्द्रीकरण की संकल्पना और तर्काधार को स्पष्ट कीजिए । वे कौन-कौन से कारक हैं जो विकेन्द्रीकरण को प्रभावित करते हैं ?
Explain the concept and rationale of decentralisation. What are the factors which influence decentralisation ? *20*

(b) "सूत्र प्रबन्धकों का अभिमुखन विशेषज्ञ सलाहकारों से बहुत भिन्न होता है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए ।
"The line managers' orientation differs considerably from that of expert advisors." Examine this statement. *10*

(c) नव-क्लासिकी संगठन सिद्धान्त के मुख्य लक्षण कौन-कौन से हैं ? संगठनात्मक डिज़ाइन के लिए इस सिद्धान्त के निहितार्थों को स्पष्ट कीजिए ।
What are the main features of Neo-Classical organisation theory ? Explain the implications of this theory for organisational design. *20*

**Q3.** (a) "प्रभावी निष्पादन के लिए व्यक्तिगत एवं संगठनात्मक लक्ष्यों को एकीकृत करना आवश्यक है ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

"There is a need for integrating individual and organisational goals for effective performance." Explain this statement. *10*

(b) "संगठनात्मक सदस्यों की व्यक्तित्व विशेषताओं का लाभ प्राप्त करने हेतु उनके व्यक्तित्व का मापन करना वांछनीय है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए एवं व्यक्तित्व मापन की विभिन्न विधियों को स्पष्ट कीजिए ।

"With a view to taking advantage of personality characteristics of organisational members, it is desirable to measure their personality." Elucidate this statement and explain the various methods for measuring personality. *20*

(c) प्रत्यक्ष ज्ञान की प्रकृति को समझाइए । संगठन में प्रबंधन किस प्रकार प्रत्यक्ष ज्ञान को प्रभावित करता है ?

Explain the nature of perception. How does management affect perception in the organisation ? *20*

**Q4.** (a) "संगठनात्मक परिवर्तन को प्रौद्योगिकीय, सामाजिक एवं आर्थिक आयामों के आधार पर संचालित करना ज़रूरी होता है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए । लोकतांत्रिक व्यवस्था के अन्तर्गत कार्मिकों में परिवर्तन की स्वीकार्यता हेतु कौन-कौन सी सावधानियाँ अपनायी जानी चाहिएँ ?

"Organisational change has to be managed on technological, social and economic dimensions." Elaborate this statement. What precautions should be taken in a democratic set-up to make a change acceptable to the personnel ? *20*

(b) भूमिका संघर्ष से आप क्या समझते हैं ? इसके कौन-कौन से कारण हैं ? भूमिका संघर्ष को दूर करने की विधियों की विवेचना कीजिए ।

What do you understand by role conflict ? What are its causes ? Discuss the methods to overcome role conflict. *10*

(c) "संव्यवहार विश्लेषण अंतर्वैयक्तिक व्यवहार का विश्लेषण करने और समझने की एक विधि है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

"Transactional analysis is a method of analysing and understanding interpersonal behaviour." Examine this statement. *20*

खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक को लगभग 150 शब्दों में स्पष्ट कीजिए :**
**Explain the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) कार्य विशिष्टि
Job Specification *10*

(b) मानव संसाधन आयोजना
Human Resource Planning *10*

(c) मज़दूर संघ प्रतिद्वंद्विता
Trade Union Rivalry *10*

(d) बहिर्गमन नीति
Exit Policy *10*

(e) मज़दूरी बनाम उत्पादकता
Wages vs. Productivity *10*

**Q6.** (a) 'अपवाद आधारित प्रबंधन' की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए । इसकी कौन-कौन सी सीमाएँ हैं ? इन्हें दूर करने के उपाय सुझाइए ।
Explain the concept of 'Management by Exception'. What are its limitations ? Suggest measures to overcome them. *10*

(b) "औद्योगिक सम्बन्धों का मौलिक उद्देश्य कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के बीच सुदृढ़ सम्बन्धों को बनाए रखना है ।" व्याख्या कीजिए । औद्योगिक सम्बन्धों के कौन-कौन से विभिन्न उपागम हैं ?
"The fundamental aim of industrial relations is to maintain sound relations between employees and employers." Elucidate. What are the various approaches to industrial relations ? *20*

(c) "भारत में कानूनी श्रमिक कल्याण प्रावधानों का अनुपालन बेमन एवं अपर्याप्त है ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? टिप्पणी कीजिए ।
"The compliance with the statutory labour welfare provisions in India is half-hearted and inadequate." Do you agree with this statement ? Comment. *20*

**Q7.** (a) "भारत में श्रमिक संघ आन्दोलन स्वस्थ रूप से विकसित नहीं हुआ है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

"The Trade Union movement in India has not developed on healthy lines." Examine this statement. *10*

(b) "जॉब विश्लेषण सभी कार्मिक कार्यकलापों के समग्र प्रबन्धन के लिए लाभप्रद है ।" इस कथन के आलोक में, जॉब विश्लेषण के प्रयोजन एवं विधियों को स्पष्ट कीजिए ।

"Job analysis is useful for overall management of all personnel activities." In the light of this statement, explain the purpose and methods of job analysis. *20*

(c) "निष्पादन मूल्यांकन केवल मूल्यांकन के लिए ही नहीं है, अपितु यह निष्पादन की उपलब्धि एवं सुधार के लिए भी है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Performance appraisal is not merely for appraisal, but also for accomplishment and improvement of performance." Comment. *20*

**Q8.** (a) "चयन असल में एक प्रकार का निष्कासन प्रक्रम है ।" इस कथन के आलोक में, चयन के उद्देश्यों एवं प्रक्रम को स्पष्ट कीजिए ।

"Selection is virtually a kind of elimination process." In the light of this statement, explain the objectives and process of selection. *20*

(b) अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक बल से संबंधित श्रमिक समस्याओं के न्यूनतमीकरण हेतु, अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की कौन-कौन सी संस्तुतियाँ हैं ? भारतीय संदर्भ में इन संस्तुतियों को किस सीमा तक पूरा किया जा चुका है ?

What are the recommendations of the International Labour Organisation for minimising the labour problems related to international workforce ? To what extent have these recommendations been fulfilled in the Indian context ? *20*

(c) औद्योगिक विवादों के कौन-कौन से कारण हैं ? भारत में औद्योगिक विवादों की रोकथाम करने एवं निपटाने हेतु उठाए गए कदमों को स्पष्ट कीजिए ।

What are the causes of industrial disputes ? Explain the steps taken for preventing and settling industrial disputes in India. *10*



anujjindal.in

anujjindal.in